तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 31.4° | 20.8° |
| इंदौर | 31.6° | 18.0° |
| जबलपुर | 30.2° | 16.4° |
| ग्वालियर | 32.3° | 16.2° |

दैनिक
# नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 38 अंक 325,पृष्ठ 12)
गुरुवार 26 अक्टूबर 2023
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


**राजधानी...** भाजपा कभी जातीय आधार पर निर्णय...

**खेल...** हार्दिक का इंग्लैंड के खिलाफ मैच में भी...

**व्यापार...** क्रिप्टो लेंडिंग प्लेटफॉर्म ब्लॉकफाई से राहत भरी...

**देश-विदेश...** संघर्ष पर सरकार के रुख की वजह से खतरे में...

www.naiduniaonline.com

केन्द्रीय कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय : फॉस्फेट, पोटाश वाले उर्वरकों पर...

# रबी सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दर तय

**नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने चालू रबी सीजन के लिए फॉस्फेट और पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने के उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि इस रबी सीजन के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी की दर प्रति किलो 47.20 रुपये दी जाएगी, इसके अलावा फास्फोरस पर 20.82 रुपये, पोटास पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये किलो की दर से सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार अतंरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में वृद्धि के प्रभाव से अपने किसानों को बचाने के लिए इन उर्वरकों पर सब्सिडी जारी रखेगी। सब्सिडी की ये दरें इस वर्ष पहली अक्टूबर से अगले वर्ष 31 मार्च तक के लिए हैं। सरकार ने कहा है कि आगामी रबी सीजन 2023-24 में पोषक तत्व आधारित सब्सिडी पर 22,303 करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है।



मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया है कि फॉस्फेट और पोटाशयुक्त उर्वरकों पर यह सब्सिडी रबी के लिए अनुमोदित दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी ताकि किसानों को किफायती मूल्यों पर इन उर्वरकों की उपलब्धता सुचारु रूप से सुनिश्चित की जा सके। सरकार ने कहा है कि उर्वरकों और संबंधित सामग्रियों के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में अभी हाल के रुझानों को ध्यान में रखते हुए फॉस्फेट और पोटाशयुक्त उर्वरकों पर सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाया गया है। सरकार उर्वरक निर्माताओं/आयातकों के माध्यम से किसानों को रियायती कीमतों पर 25 ग्रेड का पीएंडके उर्वरक उपलब्ध करा रही है। पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी एनबीएस योजना के तहत पहली अप्रैल 2010 से लागू है। श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार अपने किसान हितैषी सोच के अनुरूप अपने देश के किसानों को किफायती मूल्यों पर पीएंडके उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड के जमरानी बांध को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- संवर्द्धित सिंचाई लाभ कार्यक्रम में शामिल करने को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस परियोजना में उत्तराखंड के नैनीताल जिले में राम गंगा नदी की सहायक नदी गोला नदी पर जमरानी गांव के पास एक बांध के निर्माण की परिकल्पना की गई है। यह बांध मौजूदा गोला बैराज को अपनी 40 15 किमी लंबी नहर प्रणाली और 244 किमी लंबी नहर प्रणाली के माध्यम से पानी देगा, जो 1981 में पूरा हुआ था। दो नई फीडर नहरों के निर्माण के अलावा, 207 किमी मौजूदा नहरों का नवीनीकरण किया जाना है और परियोजना के तहत 278 किमी पक्के फील्ड चैनल भी क्रियान्वित किए जाने हैं। इसके अलावा, इस परियोजना में 14 मेगावाट के पन बिजली उत्पादन के साथ-साथ हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में 4 127 करोड़ क्यूबिक मीटर पेयजल के प्रावधान की भी परिकल्पना की गई है, जिससे 10 165 लाख से अधिक आबादी लाभान्वित होगी।

प्रधानमंत्री सिंचाई योजना (वृहद एवं मध्यम) के तहत जमरानी बांध परियोजना को जल शक्ति मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। इन स्वीकृतियों के उपरान्त केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड को जल शक्ति मंत्रालय द्वारा वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजा गया। इस प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय द्वारा इसी वर्ष मार्च माह में सहमति दे दी गई।



भारतीय क्रिकेट जगत के सितारे सचिन तेंदुलकर दो दिवसीय प्रवास पर परिवार के साथ बुधवार को कान्हा नेशनल पार्क पहुंचे और जंगल सफारी का आनंद लिया। उन्होंने बालाघाट क्षेत्र में कान्हा के मुक्की रेंज में रात्रि विश्राम किया।

## मोदी आज महाराष्ट्र और गोवा के दौरे पर जाएंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरूवार को महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के शिरडी पहुंचेंगे, जहां वह श्री साईबाबा समाधि मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे। वह मंदिर में नए दर्शन परिसर का भी उद्घाटन करेंगे। बाद में प्रधानमंत्री निलवंडे बांध का जल पूजन करेंगे और बांध के एक नहर नेटवर्क को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री शिरडी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे जहां वह स्वास्थ्य, रेल, सड़क और तेल जैसे क्षेत्रों में लगभग 7500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन , राष्ट्र को समर्पित और कुछ की आधारशिला रखेंगे।

## मैक्सवेल ने जड़ा विश्व कप का सबसे तेज शतक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट विश्व कप में बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई ग्लेन मैक्सवेल ने विश्वकप का सबसे तेज शतक बनाया है। नीदरलैंड के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम मैक्सवेल और डेविड वॉर्नर के शतक की बदौलत 50 ओवरों में 399 रन बनाने में सफल रही। मैक्सवेल ने अपनी पारी 44 गेंदों में 9 चौके और 8 छक्कों की मदद से 106 रन बनाकर खत्म की।

विश्वकप में सबसे तेज शतक आज मैक्सवेल वहीं अबतक 49 गेंद -एडेन मार्करम बनाम श्रीलंका, दिल्ली 2023,50 गेंद-केविन ओब्रायन बनाम इंग्लैंड, बेंगलुरु 2011,51गेंद-ग्लेन मैक्सवेल बनाम श्रीलंका, सिडनी 2015, 52 गेंद -एबी डिविलियर्स बनाम वेस्टइंडीज, सिडनी 2015। मैक्सवेल का यह क्रिकेट विश्व कप इतिहास में दूसरा शतक है। इससे पहले 2015 विश्व कप में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंदों पर शतक लगाया था। विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने में 2 दक्षिण अफ्रीका, 2 ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज हैं।

वहीं वनडे में ओवरऑल ग्लेन मैक्स्वेल चौथे स्थान पर आ गए हैं। इस लिस्ट में एबी डीविलियर्स 31 गेंदों में शतक के साथ पहले नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के कोरी एंडरसन 36 गेंदों के साथ तो तीसरे पर पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी 37 गेंदों के साथ बने हुए हैं। मैक्सवेल चौथे स्थान पर तो यूएई के आसिफ अली 41 गेंदों में शतक बनाकर इस लिस्ट में 5वें स्थान पर हैं।

## कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में चार प्रत्याशी बदले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व में घोषित चार प्रत्याशियों के नाम में बदलाव करते हुए नये उम्मीदवार घोषित किये हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने चार विधानसभा क्षेत्र सुमावली, पिपरिया-सु, बड़नगर तथा जावरा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व घोषित प्रत्याशियों की जगह चार नये उम्मीदवार बनाए हैं। उन्होंने बताया कि सुमावली में कुलदीप सिकरवार का टिकट काटकर अजब सिंह कुशवाहा को टिकट दिया गया है। पिपरिया सुरक्षित सीट से गुरुचरण खरे का टिकट काटकर वीरेंद्र वेलवंशी को नया उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने बड़नगर विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र सोलंकी की जगह मुरली मोरवाल को तथा जावरा विधानसभा क्षेत्र से हिम्मत श्रीमाल की जगह वीरेंद्र सिंह सोलंकी को नया उम्मीदवार बनाया है।

वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर हुई बैठक, लॉ कमीशन ने कहा-

## 2024 के चुनाव में लागू करना मुमकिन नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर नई दिल्ली में बुधवार को चल रही बैठक समाप्त हो गई है। बैठक खत्म होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे, जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद, विधि आयोग के चेयरमैन ऋतु राज अवस्थी बैठक से निकल गए हैं। बैठक की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की। पूरे देश में एक साथ चुनाव किस तरह से करवाए जा सकते हैं, इस पर विचार जानने के लिए समिति ने विधि आयोग को 25 अक्टूबर को आमंत्रित किया था। लॉ कमीशन की ओर से इस संबंध में पूरा रोडमैप तैयार किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं किआज भी बैठक में कमीशन की ओर से कमेटी के समक्ष जानकारी दी गई कि वन नेशन, वन इलेक्शन को अगर देश में लागू करना है तो उसके लिए कानून और संविधान में क्या संशोधन करने पड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक कमीशन ने कमेटी को बताया कि फिलहाल 2024 के चुनाव में वन नेशन, वन इलेक्शन को लागू करना मुमकिन नहीं है, लेकिन 2029 में इसको लागू किया जा सकता है। उससे पहले संविधान में संशोधन करना होगा। समिति की पिछले माह पहली बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों, राज्यों में सरकार चला रहे राजनीतिक दलों और अन्य दूसरे मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को देश में एक साथ चुनाव कराने के मामले पर उनके सुझाव और विचार जानने को आमंत्रित करने का निर्णय लिया था। समिति ने इस मुद्दे पर अपने सुझाव देने के लिए भारत के विधि आयोग को आमंत्रित करने का भी निर्णय लिया गया था।

## आगरा में पातालकोट एक्सप्रेस के दो डिब्बों में लगी आग

**आगरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के भाड़ई रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को पातालकोट एक्सप्रेस के दो डिब्बों में आग लग गई। कोच में यात्रा कर रहे लोगों में दहशत और भगदड़ मच गई। ट्रेन को रोककर सभी यात्रियों को सकुशल उतार लिया गया। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रेन की दो बोगी में आग लगने से ट्रेनों का आवागमन रोक दिया गया।

भाजपा ने चुनाव आयोग में की शिकायत

## प्रियंका धार्मिक भावनाओं का कर रहीं इस्तेमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा पर राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान झूठे दावे करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निजी धार्मिक आस्था का उल्लेख करने का आरोप लगाया और निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अर्जुन राम मेघवाल तथा पार्टी नेता अनिल बलूनी और ओम पाठक सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस महासचिव के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए निर्वाचन आयोग को एक शिकायत सौंपी।



भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि वाद्रा ने 20 अक्टूबर को दौसा में एक जनसभा में कहा था कि उन्होंने टीवी पर देखा कि जब प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक मंदिर में दिए गए दान का एक लिफाफा खोला गया तो उसमें केवल 21 रुपये थे। भाजपा के अनुसार, प्रियंका ने कहा कि उन्होंने खबर देखी है लेकिन उन्हें नहीं पता कि यह दावा सही है या नहीं। इसके बाद उन्होंने भाजपा पर राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि भाजपा जनता को लिफाफे दिखाती है लेकिन चुनाव के बाद (शेष पेज 2 पर)

## सिर्फ गिने चुने उद्योगपतियों के लिए चल रही है भाजपा सरकारः प्रियंका

**झुंझुनू (एजेंसी)।** राजस्थान में चुनावी प्रचार जोर पकड़ने लगा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी झुंझुनू में पार्टी का प्रचार करने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सिर्फ गिने चुने उद्योगपतियों के लिए चल रही है। प्रियंका ने साफ तौर पर कहा कि मोदी जी की, भाजपा की सरकार में आप (जनता) की कोई सुनवाई नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज की सरकार (केंद्र सरकार) केवल दो व्यवसायियों को बढ़ावा दे रही है। हवाई अड्डे, बंदरगाह और सार्वजनिक उपक्रम उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे कोई रोजगार के अवसर पैदा नहीं कर रहे हैं। उनके पास कोई विजन, रोडमैप नहीं है।



प्रियंका गांधी ने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि पीएम मोदी का लिफाफा खाली है। उन्होंने महिलाओं के लिए आरक्षण की बात कही थी लेकिन इसे 10 साल बाद लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण है लेकिन इसे 10 साल बाद (शेष पेज 2 पर)

**स्पेशल खबर** *अब किताबों में इंडिया की जगह लिखा आएगा...*

## भारत, पैनल के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, यानी एनसीईआरटी की स्कूली पाठ्य पुस्तकों में अब इंडिया नहीं दिखेगा। इन पुस्तकों में इंडिया के स्थान पर भारत लिखा जाएगा।**

एनसीईआरटी की एक उच्च स्तरीय समिति ने नई दिल्ली के स्थान पर भारत लिखे जाने की सिफारिश की थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। यह सिफारिश एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को संशोधित करने के लिए गठित प्रोफेसर सीआई आईजैक की अध्यक्षता वाली समिति ने की थी।

सिफारिश के मुताबिक प्राथमिक से लेकर हाई-स्कूल स्तर तक स्कूली पाठ्यपुस्तकों में देश का नाम इंडिया नहीं, बल्कि भारत होना चाहिए। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि भारतीय इतिहास में प्राचीन, मध्ययुगीन और आधुनिक के रूप में अवधि का वर्गीकरण चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए। एनसीईआरटी की इस समिति का तर्क है कि प्राचीन शब्द की बजाए पुस्तकों में शास्त्रीय या फिर क्लासिकल शब्द का उपयोग होना चाहिए।सीआई आईजैक के मुताबिक, पैनल ने सर्व समिति से इंडिया शब्द की जगह भारत इस्तेमाल करने का प्रस्ताव किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक यह प्रस्ताव कुछ दिन पहले रखा गया था। इसे स्वीकार किए जाने के उपरांत एनसीईआरटी की नई किताबों में इंडिया की जगह भारत मुद्रित किया जाएगा।

इस सात सदस्यीय समिति की सिफारिश में सामाजिक विज्ञान के फाइनल पोज़ीशन पेपर में, जो कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों की नींव रखने वाला एक प्रमुख दस्तावेज है, उसमें इसका जिक्र किया गया है। (शेष पेज 2 पर)

## जम्मू-कश्मीर में पहली लैंडिंग स्ट्रिप की टेस्टिंग करने के लिए तैयार वायुसेना

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमानों के लिए अपनी पहली लैंडिंग स्ट्रिप का परीक्षण करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबेहरा में स्थित लैंडिंग स्ट्रिप का निर्माण 2021 में पूरा हो गया था, लेकिन अब लैंडिंग स्ट्रिप के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक एटीसी, पार्किंग क्षेत्र और अन्य संबद्ध सेवाएं पूरी की जा रही हैं। बिजबेहरा में जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर 3.5 किलोमीटर लंबी लैंडिंग पट्टी भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों और जेट विमानों को युद्ध जैसी स्थिति के साथ-साथ बाढ़, भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं जैसी स्थितियों में आपातकालीन लैंडिंग करने में सक्षम बनाएगी। एनएच1-ए के श्रीनगर-बनिहाल खंड पर किलोमीटर 246 से किलोमीटर 249.7 के बीच के क्षेत्र को भारतीय वायु सेना और अन्य बलों के लिए आपातकालीन हवाई पट्टी के रूप में (शेष पेज 2 पर)